# पहले मेल-जोल बढ़ाया और फिर किया बच्चे का किडनैप

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। यहां 5 साल के बच्चे के किडनैप मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। किडनैप करने वाले दोनों बदमाशों ने पहले बच्चे से मेल-जोल बढ़ाया, एक-दो दिन उसके साथ खेले। इसके बाद मौका पाकर उसका अपहरण कर ले गए।

किडनैप होने के करीब साढ़े 8 घंटे बाद ही बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने 2 आरोपियों को भी है। इनसे पूछताछ जारी है। किडनैप करने वाले दोनों बदमाश 2 दिन से बच्चे के संपर्क में थे। ये बच्चे के घर वाली गली में बार-बार जाते, बच्चे से संपर्क करते, उसे लुभाने की कोशिश करते ताकि बच्चे से दोस्ती हो सके। यही कारण रहा कि जब बुधवार को बदमाशों ने उसका अपहरण किया तो बच्चा आसानी से उनके साथ चला गया। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि आरोपी बच्चे के परिचित तो नहीं है, लेकिन वे उससे परिचय बनाने की कोशिश कर रहे थे और इसी के जरिए वे आसानी से बच्चे का किडनैप करने में भी कामयाब हो गए। घटना के समय बच्चा अपने मकान के सामने दादा भारत भूषण समरसोत (55) के साथ खेल रहा था। बच्चे के दादा को किसी काम से घर में जाना पड़ा। इसी एक-दो मिनट के समय



बच्चे को किडनैप करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

के दौरान आरोपी आए। बच्चा खेलते हुए घर से 100-150 मीटर दूर चला गया। वहां बाइक के साथ खड़े आरोपियों ने उससे परिचय दर्शाया और उसे उठा ले गए।

आरोपियों को दीपक और लक्की के रूप में पहचाना गया है। आरोपी कहां के रहने वाले हैं। इस बारे में एसपी गौरव यादव का कहना है कि आरोपियों के घर, मोबाइल नंबर और अन्य तमाम जानकारी पुलिस ने ले ली है। जल्द ही यह भी खुलासा कर दिया जायेगा कि आरोपी कहां के रहने वाले हैं। पुलिस ने तकनीकी साधनों का उपयोग कर आरोपियों को पकड़ा। जिस नंबर से आरोपियों ने फोन किया और फोटो भेजे वह बंद आ रहा था। ऐसे में पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से उस लोकेशन को सर्च किया, जहां यह फोन एक्टिव था।

यह लोकेशन गांव साधुवाली के आसपास थी, लेकिन काफी बड़ा इलाका होने के कारण पुलिस ने वहां के मुखबिर और युवाओं से मदद मांगी।

- **बदमाश 2 दिन से बच्चे के संपर्क में थे, मौका पाकर उठा ले गए**

इस लोकेशन पर पुलिस की टीमें भी भेज दी गई। इसके बाद कुछ युवाओं ने पुलिस को सूचना दी तो 1 मिनट के अंदर पुलिस की टीम लोकेशन पर पहुंच गई। एसपी यादव ने बताया कि शुरूआती तौर पर अपहरण का कारण 10 लाख रूपए की फिरौती है। पुलिस की जानकारी में यह तथ्य आ गया था, लेकिन इसे बच्चे की सुरक्षा कारणों के चलते सार्वजनिक नहीं किया गया। आरोपियों के अलर्ट हो जाने को देखते हुए देर रात तक पुलिस इस मामले में किसी तरह की फिरौती की बात से इनकार करती रही। एसपी यादव ने बताया कि शुरुआती तौर पर 10 लाख रुपए की फिरौती ही अपहरण का कारण समझ में आया है। फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने बताया कि अपहरण हुए बच्चे को 6 बहादुर युवकों ने बचाकर पुलिस के सुपुर्द किया। उन बहादुर युवकों को विधायक बिहाणी द्वारा एसडी कॉलेज परिसर में गुरूवार को सम्मानित किया गया। बिहाणी ने बताया कि युवाओं तथा पुलिस प्रशासन ने मिलकर तत्परता दिखाई।

## पति-सास-ससुर को आजीवन कारावास

**बीकानेर,** (कासं)। महिला और उसकी बेटी को प्लास्टिक की टंकी में डालकर मारने के आरोप में अदालत ने पति, सास और ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

घटना साल 2019 की है। इसके बाद अब तक चली सुनवाई के बाद महिला उत्पीड़न न्यायालय ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रेरणा और उसकी बेटी रिद्धि को नौ जून 2019 को पानी की टंकी में डालकर मार दिया गया था।

प्लास्टिक की बनी इस टंकी में घटना के वक्त तीन फीट पानी था। इस पर प्रेरणा के परिजनों ने सास, ससुर और पति के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज कराया। आरोप था कि प्रेरणा के परिजनों से दस लाख रूपए का दहेज मांगा गया था। शादी के वक्त जैसे-तैसे पांच लाख रूपए दिए गए और शेष पांच लाख बाद में देने को कहा गया।

इन्हीं पांच लाख रूपयों के लिए रोज परेशान किया जाता रहा। रूपये नहीं लाने पर उसे पानी की टंकी में डालकर मार दिया गया। तब पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। जिसमें दहेज की धारा 498 और हत्या की धारा 302 भी लगी। सरकारी वकील गणेश गहलोत ने पीड़िता के पक्ष में 11 गवाह पेश किए। जिसके बाद अदालत ने तीनों आरोपी पति कमलकांत स्वामी, ससुर मुरलीधर और सास मंजू देवी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## विकास नगर में हुई चोरी का खुलासा

**बीकानेर,** (कासं)। कैंट पुलिस ने विकास नगर में हुई चोरी का खुलासा किया है। इसमें घर में खाना बनाने वाला कर्मचारी ही चोर निकला। वह दो साल से घर में चोरी कर रहा था। कभी नकदी तो कभी ज्वैलरी ले जा रहा था। मामले में बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के सर्राफा व्यापारी को भी आरोपी बनाया जो फरार है। उसने आरोपी से ज्वैलरी लेकर गलाने का काम किया है।

अनिल पिता राजमल नागौरी (60) निवासी 08, 14/3 विकास नगर नीमच ने 28 दिसम्बर को घर से लाखों की चोरी का प्रकरण दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पत्नी ने सोने व हीरे की रकम आलमारी में रखी थीं। बैंक लॉकर में रखने के लिए आलमारी खोली तो उसमें नहीं मिली। सीमेंट व पेट्रोल पंप के व्यवसाय से आई राशि देखी तो उसमें भी लाखों रूपए कम मिले। चोरी की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर उनके यहां भोजन बनाने वाला कर्मचारी घर चला गया व वापस आने में बहाने बनाने लगा। इससे शक होने पर घरवालों ने पुलिस को उसके बारे में जानकारी दी। पुलिस ने दलीप सिंह पिता किशोर सिंह शेखावत (24) जाति राजपूत निवासी डूंगरगढ़ हामू नीमच को राउंडअप किया तो उसने चोरी कबूल की। बताया कि वह 2 साल से कभी नकदी, कभी अंगूठी, कभी हीरे की ज्वैलरी चोरी कर रहा था। आरोपी के पास से 18 लाख नकद, 330 ग्राम सोना, हीरे के छोटे-बड़े 76 नग, एक अल्टो कार, एक ट्रक एवं प्लॉट की रजिस्ट्री जब्त की।

## सार-समाचार

### किन्नर समाज के दो गुटों में हाथापाई



रावला में इलाके को लेकर किन्नर समाज के दो गुट आपस में भिड़ गए।

**रावला मंडी,** (कासं)। एरिया को लेकर बुधवार को कस्बे में किन्नर समाज के दो गुटों में विवाद हो गया। तू-तू मैं-मैं से शुरू हुई बहस हाथापाई में बदल गई। पुलिस ने किन्नर समाज के चार वाहन थाने में खड़े करवाए। जानकारी के अनुसार थाने के सामने दोपहर करीब 3 बजे किन्नर समाज के दोनों गुट आमने-सामने हो गए। इससे एक बार पुलिस के भी होश उड़ गए। थाना के सामने मुख्य रोड पर दोनों गुटों की हुई आपसी झड़प से जाम लग गया। करीब आधे घंटे तक लगे जाम को लेकर पुलिस ने किन्नर समाज के दोनों गुटों से जानकारी ली। थाना प्रभारी बलवंत राम ने बताया कि दोनों ही गुटों के महंत को बुलाया है। वहीं 15 जनवरी तक दोनों गुटों को शांत रहने के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी बड़े झगड़े की आशंका के चलते किन्नर समाज के चार वाहन सुरक्षा के लिए थाना में खड़े करवाए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब तथा हरियाणा से किन्नर समाज के कुछ लोग आए थे। इसका रोजड़ी की एक किन्नर ने विरोध करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनका हे। जबकि पंजाब-हरियाणा की किन्नर टीम ने कहा कि रावला क्षेत्र को हमने ले लिया है। इसको लेकर किन्नर समाज के दो गुटों में हाथापाई हो गई। दो गुटों के हुए झगड़े को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए दोनों गुटों से समझाइश की तथा पाबंद किया कि 15 जनवरी को अपने-अपने महंत को लेकर आना। इसके बाद दोनों गुट शांत होकर चले गए।

### नीतू राठौड़ बनी नगर मंडल अध्यक्ष



नीतू राठौड़ के अनूपगढ़ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर तिलक लगाकर स्वागत किया।

**अनूपगढ़,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। प्रदेश संगठन और कमेटी के निर्णय अनुसार प्रदेश चुनाव अधिकारी संगठन के निर्देशानुसार नगर मंडल अध्यक्षों की सर्वसम्मति निर्वाचन के बाद घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार अनूपगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष नीतू राठौड़ को नियुक्त किया गया है। वहीं अनूपगढ़ देहात मंडल का अध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह बराड़ को नियुक्त किया गया है। घड़साना देहात मंडल अध्यक्ष सुखदेव राम ढूंढाडा को नियुक्त किया गया है। वहीं नाहरावाली देहात मंडल का अध्यक्ष पवन भाम्भू को नियुक्त किया गया है। रावला देहात मंडल का अध्यक्ष प्रेम मंडा को नियुक्त किया गया है। बांडा का देहात मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह को नियुक्त किया गया है। भाजपा के द्वारा नवनियुक्त अध्यक्षों को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा शुभकामनाएं दी जा रही है। अध्यक्ष नीतू राठौड़ ने बताया कि वह अपने कार्यकारिणी के साथ पार्टी के संविधान की पालना करेंगे और उनका प्रयास रहेगा की सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभायेगी।

### नंदनवन गौशाला में गौवंश की सेवा

**बीकानेर,** (कासं)। नेशनल हाईवे 15 पर जैसलमेर से कोलायत की ओर आने वाले रूट पर दियातरा से पांच किमी पहले नंदनवन गौशाला जहां 950 के करीब गौवंश रखा गया है। इसमें 924 गौवंश पीडित है। पीडितों में अंधी, कैंसर और अन्य रोगों से पीडित, अनाथ बछड़े, नंदी, दुर्घटना में जख्मी हुआ गौवंश शामिल है। यहां 26 स्वस्थ गौवंश को रखा गया है। इनके लिए 5 वेटरनरी डॉक्टरों के अलावा नर्सिंग स्टाफ है जो पीड़ित गौवंश की नियमित देखभाल करने के साथ इनकी दवा दारू की व्यवस्था करता है। जख्मी गायों और गौवंश के ड्रेसिंग नियमित रूप से की जाती है। यहां पिछले 14 सालों से पीड़ित गौवंश का इलाज नंदनवन गौशाला सेवा समिति की ओर से की जा रही है। भामाशाहों के सहयोग से चल रही इस गौशाला में 20 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान भी मिल रहा है। गौशाला के संस्थापक सुखदेव महाराज बताते हैं कि गौशाला में रह रही गायों और नंदियों के लिए मौसम के हिसाब से व्यवस्था की जाती है।

### सतर्कता समिति की बैठक 10 को

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम 17 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी।

# प्रदूषण फैलाने वाली 7 फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन काटे

**बीकानेर,**(कासं)। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने एक महीने की लम्बी कसरत के बाद खारा औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रदूषण फैलाने वाली पीओपी की फैक्ट्रियों को बंद करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। सात फैक्ट्रियों के बिजली के कनेक्शन काट दिए गए। बोर्ड की इस कार्रवाई से उद्यमियों में हड़कम्प मच गया है।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बीकेईएसएल को पत्र लिखा था। उसके आधार पर बिजली कंपनी की टीम सुबह खारा पहुंची। एक-एक कर सात फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। दो फैक्ट्रियों में विरोध होने के कारण कार्यवाही नहीं हो पाई। क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि खारा में कुल 125 पीओपी इंडस्ट्री हैं। प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों को नोटिस पहले ही दिए जा चुके हैं।

कई बार उनका निरीक्षण हो चुका है। जिन फैक्ट्रियों ने वायु प्रदूषण कंट्रोल करने लिए उपकरण नहीं लगाये हैं। उन्हें बंद किया जा रहा है।

- **खारा गांव के पास स्थित मिनरल जोन में 40 फैक्ट्रियां हैं, जिनके धुएं और गर्द के कारण ग्रामीणों को सांस लेना दूभर हो रहा था**

खारा गांव के पास स्थित मिनरल जोन में 40 फैक्ट्रियां हैं, जिनके धुएं और गर्द के कारण ग्रामीणों को सांस लेना दूभर हो रहा था। इन फैक्ट्रियों के कारण खारा में प्रदूषण का मानक पीएम 10 से भी अधिक था। इसी प्रकार रीको की सीमा से सटी प्राईवेट जमीन पर पीओपी की अन्य फैक्ट्रियां हैं, जिनसे काफी मात्रा में वायु प्रदूषण होता है। इन सभी को सुधार करने के लिए समय दिया गया था।

गौरतलब है कि खारा गांव में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। उसके बाद पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हरकत में आया। बोर्ड चेयरमैन ने चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में जांच के लिए टीम गठित की। इस टीम ने दो बार खारा का निरीक्षण किया। उद्यमियों को बताया कि रिएक्टर/फर्नेस स्टैक और धूल कलेक्टर के साथ गीले स्क्रबर जैसे पर्याप्त प्रदूषण नियंत्रण उपाय अपनाए जा सकते हैं। उसके आधार पर तीन-चार फैक्ट्रियों में उपकरण लगाये गए हैं। कुछ में काम चल रहा है। इसके चलते पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने उपकरण नहीं लगाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करना शुरू कर दिया है।

औद्योगिक क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के साथ जल प्रदूषण भी बड़ी समस्या है। करणी इंडस्ट्रीयल एरिया में सीईटीपी लगाने को लेकर रीको और उद्यमियों में सालों से विवाद चल रहा है। रीको डीजीएम के सीईटीपी लगाने से मना करने पर करणी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश कोठारी, ओमप्रकाश चौधरी, गौरीशंकर सोमानी व जगदीश लेघा बुधवार को जयपुर में रीको एम.डी. इंद्रजीत सिंह से मिले थे।

## दूध की जांच के लिए अभियान आज से

**बीकानेर,** (कासं)। सम्पूर्ण राज्य में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन द्वारा दूध का दूध, पानी का पानी अभियान शुरू किया गया है। उसी क्रम में उत्तरी राजस्थान सहकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बीकानेर (उरमूल डेयरी) द्वारा आज से आगामी 17 फरवरी तक दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जायेगा।

उरमूल डेयरी के चेयरमैन नोपाराम जाखड़ ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि आम उपभोक्ताओं को दूध की शुद्धता की जांच कर नकली व मिलावटी दूध से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। प्रबंधक निदेशक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि इस अभियान के लिए एक टीम का गठन किया गया है, जिसमें उरमूल डेयरी के उप प्रबंधक शुभम गुलाटी टीम इंचार्ज, जनसम्पर्क इंचार्ज मार्शल प्रहलाद सिंह, लैब टैस्टिंग टीम के इंचार्ज राकेश कुमार, रूट इंचार्ज मनीष रंगा, हनुमान, उमेश, आदित्य आदि शामिल हैं।

# दो पक्ष आपस में भिड़े, फायरिंग में दो घायल

**बीकानेर,** (कासं)। नया शहर थाना क्षेत्र में देर रात पंडित धर्म कांटे के पास फायरिंग हुई। आपसी विवाद के चलते दो पक्ष आमने-सामने हो गए। जिसके बाद एक तरफ से फायरिंग की गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पीबीएम में भर्ती गंभीर घायल सलमान है, जिसके गोली लगी है। घायल सलमान लौहारों की मस्जिद के पास का निवासी है। देर रात बीकानेर के पंडित धर्मकांटा के पास घायल युवक का लोहे का कारखाना है । यह इलाका नयाशहर थाना क्षेत्र में आता है। थानाधिकारी विक्रम तिवारी ने बताया कि फायरिंग में दो जने घायल हुए हैं। जिसमें सलमान का ट्रोमा सेंटर में इलाज चल रहा है। दूसरे को सामान्य चोट आई है।

फायर करने वालों में से चार की पहचान हुई है। इनके नाम हैदर, वसीम, इमरान और अफरीदी है। दोनों पक्षों के लोग आपस में रिश्तेदार हैं। पिछले कुछ

- **दोनों पक्ष के लोग आपस में रिश्तेदार हैं, कुछ दिनों से आपसी रंजिश चल रही है**
- **दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया**

दिनों से रिश्तेदारों में आपसी रंजिश चल रही है। बात बिगड़ते बिगड़ते फायरिंग तक आ पहुंची। बुधवार को इनके बीच पहले आपसी नोंकझोंक हुई थी। फिर देर रात दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। इसमें एक को गोली लगी। दूसरे को छर्रे लगे। घटना की जानकारी मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है। कुछ की पहचान होने के साथ घरों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि सबूत के साथ बदमाशों को अदालत में पेश किया जा सके।

# एक साल की बच्ची को श्वानों ने नोंचा, मौत

**बीकानेर,** (कासं)। आवारा श्वानों के हमले में एक साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस की उपस्थिति में बच्ची के परिजनों ने उसके शव को गांव के बाहर दफनाया।

छतरगढ़ एसएचओ भजनलाल ने बताया कि घटना दोपहर 12 बजे की है। संसारदेसर ग्राम पंचायत के चक तीन केडब्लयूएसएम में श्रीराम सांसी की एक साल की बेटी कोमल घर के बाहर खेल रही थी। उसके साथ अन्य बच्चे भी थे। अचानक कुछ आवारा श्वान वहां पहुंच गए और उन्होंने कोमल पर हमला कर दिया।

इस पर वहां खड़े अन्य बच्चे डर गए और जोर से चिल्लाने लगे। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनके परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने श्वानों के चंगुल से कोमल को बड़ी मुश्किल से छुड़वाया। श्वानों ने उसके शरीर को कई जगह से काटकर लहूलुहान कर दिया। इस पर परिजन उसे तत्काल गंभीर हालत में श्रीगंगानगर जिले के घड़साना तहसील के हॉस्पिटल में ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। बच्ची कोमल की हालत ज्यादा खराब हो गई थी।इलाज के दौरान कोमल ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उसके बाद शव को गांव लाया गया। जहां पुलिस की मौजूदगी में शव को दफनाया गया। बच्ची की मौत से उसके परिजन सदमे में पहुंच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा श्वानों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो अन्य बच्चों की जान पर भी संकट आ सकती है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**बीकानेर,**(कासं)। यहां के घड़सीसर क्षेत्र में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ये युवक शौच करने के बाद ट्रेन की पटरियों के ऊपर से दूसरी तरफ जा रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन आ गई। गंगाशहर पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक झारखंड से बीकानेर में मजदूरी करने के लिए आये परिवार का सदस्य था।

झारखंड निवासी रंजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका भाई दीपक कुमार शौच करने के लिए घड़सीसर ओवरब्रिज के पास गया था। रेलवे लाइन से आगे वो दूसरी तरफ शौच करके वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# मेडिकल कॉलेज में यूटीबी नर्सेज ने किया डेढ़ घंटे हंगामा

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश में जीएनएम के 8750 पदों पर पोस्टिंग देने की तैयारी तेज हो गई है। नौकरी जाते देख यूटीबी भी फिर से सक्रिय हो गए हैं। नए पद सृजित करवाने की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज में नर्सेज ने जमकर हंगामा किया। दो घंटे प्रिंसिपल को घेरे रहे।

पीबीएम हॉस्पिटल नर्सिंग एसोसिएशन के बैनर तले यूटीबी नर्सेज दोपहर में करीब डेढ़ बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे और प्रिंसिपल कक्ष के बाहर गैलरी में धरना देकर बैठ गए। प्रिंसिपल के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी मीटिंग का कहकर जाने लगे तो उनका रास्ता रोक लिया।

- **नए पद सृजित कराने के लिए प्रिंसिपल को घेरा, आज से 2 घंटे टोकन हड़ताल**

मजबूरन प्रिंसिपल को वापस कक्ष में बैठना पड़ा। कुछ देर बाद सभी नर्सेज कक्ष में दाखिल हो गए और वहीं पर धरना दे दिया। पदों के सृजन की मांग पर अड़ गए।

उनका कहना था कि हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या के अनुरूप पद नहीं है। करीब चार हजार बैड की क्षमता और उसके अनुरूप नर्सिंग ऑफिसरों के पदों का सृजन होना चाहिए। वर्तमान में करीब 1200 नर्सेज ही काम कर रहे हैं। उनमें भी 469 यूटीबी हैं।

नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर सुबह 10 से 12 बजे तक दो घंटे की टोकन हड़ताल की जायेगी। जब तक पदों में वृद्धि नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी। इस संबंध में प्रिंसिपल को ज्ञापन दे दिया गया है।

जानकारी के अनुसार पीबीएम हॉस्पिटल में स्वीकृत बैड संख्या 2496 ही है, लेकिन विभागवार जुटाए गए सेंसस को देखें तो वर्तमान में 2912 बैड लगे हुए हैं। यानी 483 बैड अतिरिक्त लगे हुए हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर सवा करोड़ की ठगी, कॉल सेंटर पर कार्रवाई

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जिला पुलिस ने एक कॉल सेंटर का खुलासा किया है। इसमें काम कर रहे आरोपियों ने लोगों को लोन देने के लिए फाइल बनाने के नाम पर सवा करोड़ रूपए से अधिक की ठगी की हुई है। कोतवाली पुलिस ने कॉल सेंटर से चार महिलाओं और दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह भाटी ने टीम सहित संत कृपाल नगर के एक मकान में दबिश दी। मौके से 33 वर्षीय रेशमा खातून पत्नी दिवंगत अनिल निवासी बीएसएनएल कार्यालय के पास पुरानी आबादी, हाल संत कृपाल नगर, 32 वर्षीय नरेश कुमार पुत्र मदनलाल निवासी 13 जैड, 30 वर्षीय अनुराधा कुमारी उर्फ खुशबू पत्नी राजेश कुमार निवासी पारीक कॉलोनी नजदीक तीन



श्रीगंगानगर में कोतवाली थाना पुलिस ने कॉल सेंटर पर छापा मारकर चार युवतियां व दो युवकों को गिरफ्तार किया।

पुली चक 4 जैड, 21 वर्षीय अन्नू पुत्री कालूसिंह निवासी भरतनगर पुरानी आबादी, 22 वर्षीय गगनदीप उर्फ मिंटू पुत्र मनोहर लाल निवासी रामलाल कॉलोनी, 19 वर्षीय लवप्रीत उर्फ प्रीत पुत्री सुखदेव सिंह निवासी चक 9 एच संगतपुरा श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया। इनको बुधवार शाम को अदालत में पेशकर तीन दिन के रिमांड

- **कॉल सेंटर में काम कर रहे आरोपियों ने लोगों को लोन की फाइल बनाने के नाम पर की सवा करोड़ से अधिक की ठगी**

पर लिया गया है। पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय विशेष अभियान साइबर शील्ड के तहत की गई है।

वहीं श्रीगंगानगर जिले के समेजा कोठी थाना क्षेत्र में 40 किलो डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किए गए दो युवकों का इरादा इसे श्रीगंगानगर और पंजाब में बेचने का था। समेजा कोठी पुलिस ने दोनों का धर-दबोचा। जिस पिकअप में पोस्त का ट्रांसपोर्टेशन कर रहे थे। उसे भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अभी जांच कर रही है।

# गणतंत्र दिवस पर दिए जायेंगे बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कुलपति डॉ अरूण कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कुलपति सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कुलपति डॉ अरूण कुमार ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने बताया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह मानव संसाधन विकास निदेशालय के पास ओपन थियेटर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरूण कुमार होंगे।

मुख्य अतिथि के द्वारा सुबह 8.30 बजे झंडारोहण किया जायेगा। इससे पहले सुबह 8 बजे सभी कॉलेजों में अधिष्ठाताओं के द्वारा झंडारोहण किया जायेगा। कुलसचिव डॉ सैनी ने बताया

- **गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक**

कि समारोह में सभी विभागों की झांकी निकाली जायेगी। एनसीसी, एनएसएस, कृषि महाविद्यालय, आईएबीएम और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्टूडेंट्स और गाड्र्स के द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। सेंट्रल एकेडमी के बच्चों और कॉलेज के स्टूडेंट्स सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

कुलसचिव ने बताया कि कार्यक्रम में बेस्ट साइंटिस्ट का अवार्ड भी मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरूण कुमार के द्वारा प्रदान किया जायेगा।

इसको लेकर 15 जनवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। जो अनुसंधान निदेशक कार्यालय में जमा करवाने होंगे। साथ ही बेहतरीन कार्य करने वाले शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्मिकों को बेस्ट एम्प्लाय अवार्ड से भी सम्मानित किया जायेगा। 25 जनवरी को सुबह 11 बजे समारोह की रिहर्सल की जायेगी।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
राज.आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
दिनांक: 09.01.2025 वृत-बीकानेर, Cirlce-Bikaner
क्रमांक: उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/862

**संशोधित आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री करनेल सिंह पुत्र श्री ध्यानसिंह ने आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को वाद संख्या 7(210)/9/01 आवासीय भूखण्ड सं. 11-ए/54 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 216.53 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 875 दिनांक 28.11.2022 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 22.12.2023 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात् मूल आवंटी श्री करनेल सिंह पुत्र श्री ध्यानसिंह ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बेचान मुख्त्यार आम के माध्यम से श्री करणसिंह आसोपा पुत्र श्री महादेव आसोपा को किया गया। उक्त मुख्त्यार आम उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 26.02.2022 से पंजीकृत है। पश्चात् श्री करणसिंह आसोपा पुत्र श्री महादेव आसोपा ने उक्त आवास का बेचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री जयपाल को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 03.08.2024 से पंजीकृत हैं। श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री जयपाल ने समस्त पंजीयन प्रपत्रो की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री जयपाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री जयपाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल (वृत बीकानेर)